## माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ आज उदयपुर दौरे पर, कोटड़ा में जनजाति गौरव महोत्सव में लेंगे भाग



उदयपुर, 15 नवंबर (सूजस)। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ शनिवार 16 नवंबर को एक दिवसीय दौरे पर उदयपुर आएंगे। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि माननीय उपराष्ट्रपति 16 नवम्बर को सुबह 11.10 बजे इंडियन एयर फोर्स के स्पेशल एयरक्राफ्ट से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से आईएएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से कोटड़ा स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे और यहां से सड़क मार्ग से कोटड़ा के वनवासी कल्याण आश्रम पहुंच कर वहां भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ यहां से 1:50 बजे पुन: कोटड़ा हेलीपैड पहुंचेंगे और वहां से आईएएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से रवाना होकर 2:30 बजे उदयपुर एयरपोर्ट आएंगे। वे उदयपुर एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से हुए मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। अपराह्न 3 बजे एमएलएसयू के विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यहां से शाम 4:25 बजे उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचकर 4:30 बजे इंडियन एयर फोर्स के स्पेशल एयरक्राफ्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। उपराष्ट्रपति की यात्रा के मद्देनजर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

**कार्यपालक मजिस्टेªट नियुक्त:** जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द पोसवाल ने एक आदेश जारी कर उपराष्ट्रपति महोदय के यात्रा कार्यक्रम के मद्देनजर कार्यपालक मजिस्टेªट नियुक्त किए हैं। इसमें एमएलएसयू विज्ञान महाविद्यालय के लिए एमएलएसयू रजिस्ट्रार वृद्धिचंद गर्ग व नायब तहसीलदार सुरेश नाहर, डबोक एयरपोर्ट के लिए उपखण्ड मजिस्टेªट भीण्डर रमेशचंद्र बहेड़िया, कोटड़ा स्थित कार्यक्रम स्थल के लिए गोगुन्दा एसडीएम नरेश सोनी व सायरा तहसीलदार सुरेश मेहता, कार्यक्रम स्थल सेफ हाउस कोटड़ा के लिए फलासिया तहसीलदार सुरेशचंद्र वडेरा तथा हेलीपेड कोटड़ा के लिए झाड़ोल तहसीलदार शांतिलाल जैन को कार्यपालक मजिस्टेªट नियुक्त किया गया है। **नो फ्लाई जोन घोषित:** माननीय उपराष्ट्रपति महोदय की यात्रा के मद्देनजर जिला मजिस्टेªट अरविन्द पोसवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय क्षेत्र तथा कोटड़ा क्षेत्र को नो फ्लाई जोन घोषित किया है। इसके तहत संबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ड्रोन, युएवी, गुब्बारे इत्यादि उड़ाने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश 16 नवम्बर को सुबह 6 बजे से मध्य रात्रि तक प्रभावी रहेगा।

## शिल्पग्राम में लोक प्रस्तुतियों ने मनमोहा: राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव में आज बिरसा मुण्डा नाट्य प्रस्तुति



उदयपुर, 15 नवंबर (कासं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव का आगाज शुक्रवार को शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर सायं 6 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि मन्नालाल रावत सांसद उदयपुर, विशिष्ठ अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उदयपुर डॉ. एस.एल. बामणिया थे। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जयंती पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। केन्द्र के उपनिदेशक कार्यक्रम पवन अमरावत, सहायक निदेशक दुर्गेश चांदवानी तथा कार्यक्रम अधिशाषी हेमंत मेहता ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव के प्रथम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। देशभर से करीब 150 कलाकार इसमें सम्मिलित हुए। राजस्थान से गवरी, सहरिया स्वांग, आदिवासी गैर, गुजरात से राठवा, महाराष्ट्र से सौंगी मुखौटे, गोवा से कुणबी, मध्यप्रदेश से पंथी, छत्तीसगढ़ से गौर-मारिया, कर्मा नृत्य, दमण-दीव से तारपा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कलाप्रेमियों के साथ ही केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

साथ ही शनिवार 16 नवंबर को बिरसा मुण्डा के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति बिरसा मुण्डा का मंचन शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में सायं 7 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

## आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान का पर्याय हैं भगवान बिरसा मुण्डा: हेमन्त मीणा

### भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती





### जनजाति गौरव दिवस पर धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान का आगाज, बिहार में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

उदयपुर, 15 नवम्बर। प्रदेश के राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री तथा उदयपुर जिले के प्रभारी श्री हेमन्त मीणा ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा आदिवासी समाज की अस्मिता और स्वाभिमान का पर्याय हैं। ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीतियों के विरूद्ध आदिवासी समाज को संगठित कर क्रांति का बिगुल बजाने वाले बिरसा मुण्डा युगों युगों तक जनजाति गौरव का प्रतीक रहेंगे।

प्रभारी मंत्री श्री मीणा शुक्रवार को भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के तत्वावधान में नगर निगम के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन भी बतौर अतिथि मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री श्री मीणा ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के योगदान को याद करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में उनके जन्मदिन 15 नवम्बर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाए जाने की पहल की है। आज भगवान बिरसा मुण्डा का 150वां जन्मोत्सव है। इसे पूरे देश में मनाया जा रहा है। राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम बिहार में जबकि राज्य स्तरीय समारोह बांसवाड़ा में आयोजित किया गया। इसके अलावा प्रत्येक जिला व ब्लॉक स्तर पर भी भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर विशेष कार्यक्रम हो रहे हैं।

सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से आदिवासी समुदाय की संस्कृति को अक्षुण्य बनाए रखते हुए उन्हें मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से जनजाति समाज के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जमुई बिहार में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित जनजाति गौरव दिवस राष्ट्रीय समारोह का सीधा प्रसारण भी किया गया। इसमें प्रधानमंत्री ने देश के आदिवासी बहुल जिलों में समेकित विकास को लेकर चलाए जा रहे धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ भी किया।

प्रारंभ में अतिथियों ने भगवान बिरसा मुण्डा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की उपायुक्त रागिनी डामोर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के संबंध में बताते हुए कहा कि देश भर के आदिवासी बहुल गांवों में समेकित विकास तथा सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जनजाति समाज के लिए संचालित योजनाओं सहित अन्य योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जनजाति छात्रावास की बालिकाओं तथा लोककलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर वारसिंह, एसीईओ ताहिर अंजुम सम्मा, सीएमएचओ डॉ शंकर एच बामणिया, उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ शरद अरोड़ा, उपनिदेशक डॉ सुरेंद्र छंगाणी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। संचालन रणवीरसिंह राणावत ने किया।

**17 विभागों ने लगाई स्टॉल, दी जानकारीत्न** कार्यक्रम के तहत धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान से संबंद्ध 17 विभागों यथा कृषि, चिकित्सा, पशुपालन, बैकिंग, महिला एवं बाल विकास, डीओआईटी आदि विभागों की ओर से स्टॉल्स लगाई। इसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र लोगों का रजिस्टेªशन भी किया गया। प्रभारी मंत्री श्री मीणा सहित अतिथियों ने स्टॉल्स का अवलोकन किया।

## खुल्लम-खुल्ला

**कचरा फैंकने या डालने के लिए,चाहे आस-पड़ौसी लड़ता।**
**भले ही सर फोड़ो या माथा जिम्मेदारों को,फर्क नहीं पड़ता।।**
**दावे जरूर हैं मोटे-मोटे लेकिन, हकीकत है कुछ और।**
**यह भी सच है स्मार्ट सिटी का, यह सबसे खराब दौर।।**
**जो आज जनता की नहीं सुन रहे, जनता ही उन्हें लाई है।**
**जनता सरकार में जनता की ही नहीं सुनते, यही तो सच्चाई है।।**
**समझ में नहीं आ रहा कहीं भी,न काम हो रहा न काज।**
**अब तो जनता सरेआम बोल रही शहर में,पोपा बाई का राज।।**

दिनांक: 16 नवम्बर 2024 -भूपेन्द्र कुमार चौबीसा, उदयपुर

## गजल



आती है जिस पर हमें तो गहरी नींद
कांटो वाली सेज भी गद्दी लगती हैं
जो मिला खा लेते नहीं कल की चिंता
हमारी जिंदगी इसी तरह से गुजरती है
इन गगनचुंबी इमारतों को देखो यारों
जो हमारे ही हाथों से सभी बनती हैं
हम मजदूर है करते हैं मेहनत फिर भी
शोषण के हाथों सदा मेहनत बिकती हैं
करता रमेश गलत लोगों पर हरदम चोट
फिर भी उन बेशर्मों का कहां लगती हैं
फकीरी में भी यहां अमीरी झलकती हैं
ऐसी बस्ती अब तक झुग्गियों में रहती हैं
ऊंची कोठी वालों मुबारक हो सभी को
हमें हमारी झोपड़ी भी कोठी लगती हैं

**रमेश मनोहरा**

www.womenexpress.in

# स्वागत नहीं करोगे आप हमारा, नई टीम के साथ आ रहे ट्रम्प फिर दोबारा, अमेरिका को 'ग्रेट' बनाने निकले ट्रंप 2.0 में कौन-कौन?

**अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रियों का चुनाव भी अभी से करना शुरू कर दिया है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आगामी प्रशासन के लिए अहम नियुक्ति की है, जिसमें से कई नाम उनकी नई विदेश और कूटनीति को साफ बता रहे है।**




सदी का सबसे बड़ा कमबैक, जिसकी कल्पना के रास्ते चार साल पहले बंद हो गए थे। जब दुनिया ने ये मान लिया था कि वो इतना दागदार हो गया है कि दोबारा उस पर दांव भी नहीं लगाया जाएगा। जब राजनीतिक के जानकार और कलमकार इस बात पर मुहर लगा चुके थे कि वो चूक चुका है। कुछ वक्त पहले तक लग रहा था कि वो जेल जाएगा। तब वक्त के थपेड़ों को झेलते हुए सियासी बाधाओं को पार करते हुए उसने दुनिया की सबसे ताकतवर इमारत व्हाइट हाउस का दरवाजा अपने लिए फिर से खोल लिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रियों का चुनाव भी अभी से करना शुरू कर दिया है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आगामी प्रशासन के लिए अहम नियुक्ति की है, जिसमें से कई नाम उनकी नई विदेश और कूटनीति को साफ बता रहे है।

**चीन, ईरान और क्यूबा के खिलाफ रूबियो का आक्रमक इतिहास :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो को विदेश मंत्री नियुक्त किया है। रुबियो को भारत का दोस्त माना जाता है। वह भारत-अमेरिका संबंधों के समर्थक रहे हैं। ट्रंप ने रुबियो को विदेश मंत्री चुन कर अपने दूसरे प्रशासन के तहत भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत करने की गारंटी दी है। रुबियो को ऐसे समय पर चुना गया है जब रिपब्लिकन पार्टी ने अमेरिकी संसद में बहुमत हासिल कर लिया है जिससे ट्रंप इसके दोनों सदनों पर नियंत्रण रख सकेंगे। पिछले वर्षों में अमेरिका के भू-राजनीतिक दुश्मनों (चीन, ईरान और क्यूबा) के संबंध में एक मजबूत विदेश नीति की वकालत की है। फ्लोरिडा के सीनेटर रिक स्कॉट ने कहा कि मैं अपने दोस्त और हमारे अगले विदेश मंत्री मार्को रुबियो के लिए बहुत खुश हूं। वह दुनिया भर में अमेरिकियों का नेतृत्व करेंगे, खासतौर पर लैटिन अमेरिका का क्योंकि वह अमेरिका का सम्मान और साहस के साथ प्रतिनिधित्व करते हैं।

**माइक वॉल्ट्ज के जरिए ट्रंप ने दुनिया को दिया बड़ा संकेत:** सांसद माइक वाल्ट्ज को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का जिम्मा संभालने के लिए कहा है। वाल्ट्ज भारत के पुराने समर्थक रहे हैं और वर्षों से भारत एवं भारतीय अमेरिकियों के लिए कांग्रेसनल कॉकस के सह-अध्यक्ष भी रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की भूमिका के लिए सीनेट की मंजूरी की जरूरत नहीं होती। ट्रंप की टीम की ओर से इन नामों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वाल्ट्ज 'आर्मी नेशनल गार्ड' के सेवानिवृत्त अधिकारी और पूर्व सैनिक रह चुके हैं। वह ट्रंप के कट्टर समर्थक रहे हैं। उन्हें चीन के प्रति कठोर रुख रखने वाला माना जाता है और उन्होंने ही कोविड-19 की उत्पत्ति तथा चीन में मुस्लिम उइगर आबादी के उत्पीड़न के कारण बीजिंग में 2022 में हुए शीतकालीन ओलंपिक का अमेरिका द्वारा बहिष्कार करने का आह्वान किया था। अमेरिका की समाचार वेबसाइट 'द हिल' में जारी खबर के मुताबिक, वाल्ट्ज 2019 से सांसद हैं। उन्होंने यूरोप से यूक्रेन को और अधिक समर्थन देने तथा अमेरिका से उसके समर्थन में और अधिक सख्ती बरतने का आह्वान किया है।

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनके पूर्व कार्यकारी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन निदेशक टॉम होमैन उनके आगामी प्रशासन में बॉर्डर जार (सीमा अधिकारी) के रूप में काम करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व आईसीई निदेशक और सीमा नियंत्रण के दिग्गज टॉम होमैन ट्रंप प्रशासन में शामिल होंगे और हमारे देश की सीमाओं की निगरानी करेंगे। इस बात की प्रबल उम्मीद थी कि होमैन ट्रंप के दूसरे प्रशासन में सीमा-संबंधी भूमिका में पुनः शामिल होंगे। ट्रंप ने कहा कि दक्षिणी और उत्तरी सीमाओं और समुद्री तथा विमानन सुरक्षा की निगरानी के अलावा होमैन ''अवैध विदेशियों को उनके मूल देश वापस भेजने के प्रभारी होंगे। जो उनके एजेंडे का एक मुख्य हिस्सा है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें इसमें कोई संदेह नहीं है कि होमैन एक शानदार और बहुप्रतीक्षित काम करेंगे।

**अमेरिकी इतिहास में पहली महिला चीफ ऑफ स्टाफ :** संयुक्त राज्य अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने अभियान प्रबंधक, सूसी विल्स को अगले वर्ष राष्ट्रपति पद संभालने पर अपने व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में नामित किया। ट्रंप ने कहा कि विल्स ने मुझे अमेरिकी इतिहास की सबसे बड़ी राजनीतिक जीत में से एक हासिल करने में मदद की और कठिन, स्मार्ट, अभिनव है, और सार्वभौमिक रूप से प्रशंसा और सम्मान करती है... मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह हमारे देश को गौरवान्वित करेगी। 67 वर्षीय सूसी विल्सने इससे पहले राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन जूनियर के प्रचार में काम किया था। वह धीरे-धीरे सियासत की सीढ़ियां चढ़ती गई और कई नेताओ और गवर्नरो की कैपेन मे अहम भूमिका निभाई। वह 2016 और 2020 मे भी ट्रंप की प्रचार टीम का हिस्सा थी। ट्रंप के साथ काम करना आसान नही है। पिछले टर्म मे ट्रंप 4 चीफ ऑफ स्टाफ बदल चुके है, जिनमे जॉन केली भी थे, जिन्होने बाद मे ट्रंप के खिलाफ बयान दिए थे।

**40 साल की इस लेडी सिंघम के सहारे ईरान को चित करेंगे ट्रंप:** ट्रंप ने इजरायल की कट्टर सहयोगी और विदेश नीति की पक्षधर रिपब्लिकन कांग्रेस सदस्य एलिस स्टेफनिक को संयुक्त राष्ट्र में अगले राजदूत के रूप में नामित किया है। संयुक्त राष्ट्र के राजदूत के रूप में नियुक्त एलिस स्टेफनिक ने पहले महाभियोग के बाद से लगातार ट्रम्प का समर्थन किया है। यूएन में स्टेफनिक की नियुक्ति ईरान के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। वो इजरायल की कट्टर समर्थक हैं और गाजा में जारी इजरायल की कार्रवाई का समर्थन कर चुकी हैं। उन्होंने अमेरिका कॉलेज परिसरों में हुए फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शन के दौरान यहूदी विरोधी घटनाओं के बारे में बार बार ध्यान आकर्षित किया और यहूदियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया।

**पॉलिसी मामलों के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफः** नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने नए प्रशासन में इमिग्रेशन नीति के डिप्टी चीफ के रूप में अपने लंबे समय के सलाहकार स्टीफन मिलर को नामित किया है। मिलर ट्रम्प के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सहयोगियों में से एक हैं, जो व्हाइट हाउस के लिए उनके पहले अभियान से ही उनके साथ हैं। वह ट्रम्प के पहले कार्यकाल में एक वरिष्ठ सलाहकार थे और उनके कई नीतिगत निर्णयों में एक केंद्रीय व्यक्ति रहे हैं, विशेष रूप से इमिग्रेशन पर, जिसमें 2018 में एक निवारक कार्यक्रम के रूप में हजारों आप्रवासी परिवारों को अलग करने का ट्रम्प का कदम भी शामिल है। मिलर ने ट्रम्प के कई भाषणों को तैयार करने में भी मदद की है।

**( साभार- प्रभासाक्षी डॉट कॉम )**

## हुक्मगच्छाधिपति आचार्य श्री विजयराज जी म.सा. आदि ठाणा का मंगल विहार आज

उदयपुर, 15 नवम्बर (नसं)। केशवनगर स्थित अरिहंत वाटिका में आत्मोदय वर्षावास सानंद सम्पन्न होने पर हुक्मगच्छाधिपति आचार्य श्री विजयराज जी म.सा. एवं उपाध्याय प्रवर श्री जितेश मुनि जी म.सा. आदि ठाणा शनिवार को मंगल विहार करेंगे। वहीं शुक्रवार को प्रवचन सभा एवं बड़ी मांगलिक में श्रद्धालुओं का ज्वार उमड़ पड़ा। श्री हुक्मगच्छीय साधुमार्गी स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान के अध्यक्ष इंदर सिंह मेहता ने बताया कि आचार्य श्री विजयराज जी म.सा., उपाध्याय श्री जितेश मुनि जी म.सा. आदि ठाणा का अरिहंत वाटिका में आत्मोदय वर्षावास की पूर्णाहूति शुक्रवार को हुई। आज प्रवचन पांडाल खचाखच भर गया और अभिव्यक्ति देने वालों का तांता लग गया। वहीं दोपहर की मांगलिक में भी अपार जन समूह उमड़ पड़ा। आचार्य श्री एवं उपाध्याय श्री आदि ठाणा के साथ शनिवार को केशवनगर स्थित नवकार भवन से 8 बजकर 21 मिनट पर विहार कर शुभ मंगल वाटिका पधारेंगे। शुक्रवार को धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए हुक्मगच्छाधिपति आचार्य श्री विजयराज जी म.सा. ने कहा कि प्रवचन संतों के जीवन का अभिन्न अंग होता है, जैसे शरीर की पुष्टि के लिए भोजन आवश्यक है वैसे ही आत्मा की पुष्टि के लिए प्रवचन होता है। इसके माध्यम से, भजनों के माध्यम से न केवल उपस्थित जन समूह को प्रेरणा देते हैं अपितु जिनवाणी के कथन से हम स्वयं को ही उद्बोधित करते हैं।

''दया पालो'' किसी का दिल न जलाओ, यह संतों का सबसे संक्षिप्त उपदेश होता है। आपने फरमाया कि आठ बातें-शंका न करना, आकांक्षा न रखना, फल की इच्छा न करना, अमूढ़ दृष्टि, गुण कीर्तन, धर्म में स्थिरीकरण, सबके प्रति वात्सल्य, धर्म की प्रभावना से दर्शनाचार पुष्ट होता है। आज जैन धर्म के क्रान्तिकारी लोकाशाह के जन्म दिन पर उनके कर्तृत्व का पुनीत स्मरण करते हुए सभी को उन्हीं के बताए पथ पर चलने की प्रेरणा दी। आज ही यशस्वी आचार्य हेमचन्द्राचार्य जी का स्मरण करते हुए कहा कि जैन संत सूर्यास्त के बाद अन्न व जल तक ग्रहण नहीं करते, इस दृष्टि से सूर्य का सम्मान जैनियों से अधिक ओर कोई नहीं करता।

## तामीर सोसायटी करेगी शहीदों की माताओं का सम्मान

उदयपुर, (निसं)। तामीर सोसाइटी उदयपुर की ओर से रविवार को रानी रोड स्थित रोटरी बजाज भवन में 36वां सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष उदयपुर रत्न इकबाल सागर ने बताया कि इस बार सम्मान समारोह में शहीदों की माताओं समेत सेवा कार्य,चिकित्सा व अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन रोटरी बजाज भवन में सुबह 10:00 बजे शुरू होगा । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान विद्यापीठ यूनिवर्सिटी के कुलपति कर्नल प्रोफेसर एस. एस. सारंगदेवोत रहेंगे।

## ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस के तहत बाल मेंले का आयोजन



कपासन 15नवंबर (निसं)। श्री जी कृपा फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालय ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में 14 नवंबर को पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती पर विद्यालय में बाल दिवस के तहत बाल मेंले का आयोजन किया गया ।विद्यालय प्रधानाध्यापिका श्रीमती कौशल्या झाला ने बताया कि विद्यालय में बाल मेंले के तहत विद्यार्थियों ने कई प्रकार की फूड स्टॉल ,गेम जोन व हॉरर जॉन बनाये प्राथमिक कक्षा के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने महान स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा पहन कर आयोजन में भाग लिया ।बाल मेले में विद्यार्थियों ओर अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया एवम विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई स्टॉल से खरीददारी करके एवं गेम जॉन व हॉरर जॉन का आनंद लेकर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया ।

कार्यक्रम में समस्त स्टाफ साथियों अरुणा टेलर, प्रकाश चंद्र पंवार, अंशु सिरोया ,कविता सिरोया खुशबू मैम विनीता मैंम , पूजा मेंम , रेखा मेम ,अपर्णा मेंम कौशल्या दाधीच मेंम,आशा मेम ,किरण मेम ,आदि सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने आयोजन सफल करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । विद्यालय प्रबधक समिति के वैध महेंद्र मोहन दाधीच ,पुष्पा वैष्णव आदी ने विद्यार्थियों व स्टाफ को सफल आयोजन के लिए बधाई दी ।

## इन्दौर में ऐतिहासिक विराट पत्रकार समागम दिसम्बर में

उदयपुर, (निसं)। पत्रकार जगत के हितार्थ एक दशक से अधिक समय से समर्पित राष्ट्रव्यापी संगठन भारतीय पत्रकार संघ एआईजे प्रारम्भ से पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित करता आया हैं। अब तक 500 से अधिक श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम देश भर के अनेक राज्यों में इस संगठन द्वारा किए गए हैं।

इसी कड़ी में 'विराट पत्रकार समागम' का आयोजन अगले माह दिसंबर में किया जा रहा हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश, प्रदेश के हजारों प्रतिष्ठित पत्रकार साथियों की गरिमामय उपस्थिति रहेंगी। साथ ही देश, प्रदेश के जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर साथ होंगे, इस संबंध मे वार्ता प्रारम्भ हो गई हैं। इस भव्य आयोजन की तैयारियों के दूसरे चरण में आमंत्रण कार्ड प्रेषित किए जाएंगे। यह आयोजन प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा पत्रकार सम्मान समारोह हो, इस हेतु विभिन्न स्तर पर बैठकों का दौर शुरू हैं।

इस विराट सम्मेलन से पत्रकार साथियों को विशेष ऊर्जा और सुविधाएं प्राप्त होने के उद्देश्य से इसे आयोजित किया जा रहा हैं। विदित हो कि विभिन्न चिकित्सा तथा स्वास्थ्य संस्थानों से अनुबंधित एआईजे संगठन के द्वारा पत्रकार जगत के साथियों तथा उनके परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों के हितार्थ समर्पित भाव से मदद की जाती हैं। पत्रकार साथी को देश के अधिकांश हिस्सों में कोई भी समस्या आने पर देश व्यापी स्थापित ।प्त्र संगठन के साथी द्वारा मदद की जाती हैं।

इस संगठन की सदस्यता निःशुल्क है और पत्रकार जगत के लिए पवित्र भाव से वास्तविक स्तर पर जाकर कार्य करना अपना दायित्व मानता हैं। इस संगठन में देश प्रदेश के ख्याति प्राप्त पत्रकार साथी पदाधिकारी हैं जो अपने दीर्घ अनुभव और संपर्क सूत्रों द्वारा उच्च स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक पत्रकार साथियों के हितार्थ समर्पित भाव से प्रतिबद्ध हैं। उपरोक्त जानकारी भारतीय पत्रकार संघ एआईजे के राष्ट्रीय महासचिव मनोहर मंडलोई ने दी।

## बाल उद्योग पर्व में रहा अभिभावकों व बच्चों का उत्साह



कपासन 14 नवंबर (निसं)। आर. एन. टी. कॉलेज, कपासन में बाल दिवस को बाल उद्योग पर्व के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ये बाल मेला आर. एन. टी. कॉलेज एवं दीक्षा इन्टरनेषनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। मेले के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि थानाधिकारी लादूलाल व अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबन्ध निदेषक डॉ. वसीम खान एवं नीमा खान ने की, विषिष्ट अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद ऐजाज अली थे। मेले में नगर के गणमान्य नागरिक व अभिभावक उपस्थित थे।

मेला प्रभारी नीमा खान ने बताया कि मेले को कुल चार जोन फुड जोन, गेम जोन, शोपिंग जोन एवं आर्ट जोन में विभक्त किया गया। इस बाल मेले में बालकों ने विभिन्न सामग्रियों की कुल 78 स्टॉलें लगाई, पानी पुडी, फ्रूट स्लाट, भेल पुरी, मषरूम पकोडे, पाव भाजी, नींबू पानी, गन्ने का रस, खिलौने, श्रृंगार सामग्री, नमकीन, भुजिया, कुल्फी, पेस्ट्री, दाबेली, आईसक्रीम, गोटा, ज्योतिष, गेम, म्यूजिक, पेंटिंग, कोल्ड कॉफी, राबडी, चाइनीज नूडल्स, मंचूरियन, पास्ता, इटालियन डिषेज, मक्की की रोटी व सब्जी, ढोकला, मक्की का चूरमा, सीताफल की दुकान, हॉरर हाउस, फरमाइषी गानों के लिए म्यूजिक सेंटर आदि स्टॉलें मुख्य आकर्षण का केन्द्र घुडसवारी, बच्चों के खिलौने एवं निषानेबाजी, पानी में सिक्का, बॉल गिलास, रिंग साबुन आदि खेल रहे।

मेले की व्यवस्था में राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी केडेट, रेड रिबन क्लब तथा रोवर रेंजर टीम के सदस्यों ने पूरा सहयोग दिया। इस अवसर पर दीक्षा इन्टरनेषनल स्कूल के नन्हें मुन्ने बालकों ने अपनी रंगारंग व मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मेले में कुल 62890/- का क्रय विक्रय हुआ। छोटे-छोटे बालकों ने मेले में मिकी माउस, जम्पिंग रिंग, घुड सवारी का भी आनन्द लिया। बालकों की सृजनात्मकता तथा रचनात्मकता इस मेले में उभर कर सामने आई। सेल्फी पोइंट विषेष आकर्षण के केन्द्र रहे। श्रृंगार की स्टॉल्स पर बालिकाओं ने जमकर खरीददारी की। बालकों में व्यवसायिक कौषल उत्पन्न करने की दिषा में यह बाल उद्योग मेला अत्यन्त श्लाघनीय रहा है। इस मेले को सफल बनाने में महाविद्यालय एवं दीक्षा इन्टरनेषनल स्कूल के सभी स्टॉफ साथियों का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय अकादमिक निदेषक षिवनारायण शर्मा, पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रो. एस.एन.ए. जाफरी, कृषि कॉलेज प्राचार्य प्रो. एल. के. दषोरा, एडमिन डायरेक्टर कृष्णा चाष्टा, एडमिषन डायरेक्टर डॉ. रामसिंह चुंडावत, षिक्षा अनुभाग प्राचार्य डॉ. निषा अग्रवाल, कृषि निदेषक डॉ. सुनील शर्मा, उपाचार्य डॉ. डॉ. ओ. पी. सुखवाल दीक्षा इन्टरनेषनल स्कूल प्रधानाचार्य राहुल जैन, मो. ताहिर, दिव्या शर्मा आदि मौजूद थे।

## श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 और 5-एसआर-05 गेहूं बीज से मिल रहे किसानों को सबसे बेहतर परिणाम

चित्तौड़गढ़, (निसं)। राजस्थान में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 1-एसआर-14 और श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 गेहूं बीजों ने उगेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उ%च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 और 5-एसआर-05, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनका दाना बड़ा, कठोर और चमकदार है, साथ ही इनकी गेहूं से बनी चपाती बहुत अच्छी गुणवत्ता की होती है। और सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं।

## खूब याद आएंगे वो पल.. जो हमने बिताये थे कल



उदयपुर, (नसं)। सेक्टर 4 श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ श्री संयमलताजी म. सा.,डॉ श्री अमितप्रज्ञाजी म. सा.,श्री कमलप्रज्ञाजी म. सा.,श्री सौरभप्रज्ञाजी म. सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में मालवसिंहनी श्री कमलावतीजी म.सा. की पुण्य तिथि, वीर लोकाशाह जयन्ति एवं ऐतिहासिक चातुर्मास समापन पर विदाई समारोह सह कृतज्ञता अर्पण दिवस का मंगल आयोजन संपन्न हुआ। धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी डॉ. संयमलता ने कहा-कमलावतीजी म.सा. का जीवन कमल की तरह निर्लिप्त था। मात्र 8 वर्ष की नन्ही उम्र में संसार की असारता को समझकर जैन दिवाकर श्री चौथमलजी म.सा. के मुखारबिंद से दीक्षा अंगीकार की। हम शब्द तुम अर्थ तुम बिन हम व्यर्थ है। गुरुवर्या का स्वर्गवास चेन्नई के मैलापुर नगर में हुआ, विशेषता यह रही की देह संस्कार दौरान मुँहपत्ती सुरक्षित रही, नही जली। वीर लोकाशाह अपनी सुंदर लेखनी से 32 आगमों को पुनः लिपिबद्ध कर, जैन समाज पर बहुत बड़ा उपकार किया है। आपकी कृपा से जैन आगम अभी भी सुरक्षित है। चातुर्मास समापन पर साध्वी संयमलता ने संस्थान के प्रत्येक सदस्य गण, चातुमसि व्यवस्था समिति, नवयुवक मंडल, सुविधि महिला मंडल, नवकार बह मंडल, श्रमण संघ महिला मंडल को चातुर्मास को आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक बनाने में धन्यवाद दिया एवं मार्मिक भजन 'चार महिने हम रहे अब जायेंगे' गाकर सबकी आँखे नम कर दी। साध्वी अमितप्रज्ञा ने गुरुसेवा, विहार सेवा, एकता संगठन बनाये रखने की प्रेरणा दी। साध्वी कमलप्रज्ञा एवं साध्वी सौरभप्रज्ञा ने कभी अलविदा ना कहना' गीतिका गाकर सभी कीआँखे सजल कर दी।

मंगल बधाई एवं विदाई समारोह का संचालन करते हुए चातुर्मास व्यवस्था समिति के संयोजक ललित लोढ़ा ने कहा की यह चातुर्मास तप त्याग से परिपूर्ण ऐतिहासिक रहा। सम्पूर्ण चातुर्मास में 6 मासखमण, 140 से अधिक अट् ?ठाईयाँ, 1200 तेले, 9-11-15-21 जैसी अनेक तपस्याएं । 4 आजीवन जोड़े ने शील व्रत के प्रत्याख्यान, व्यसन मुक्ति का त्याग, प्रत्येक गुरुवार को विभिन्न जाप, प्रत्येक शुक्रवार को पद् ?मावती एकासन, बाल संस्कार शिविर, 24 घण्टे अखण्ड अनुष्ठान, घण्टाकर्ण अनुष्ठान, सरस्वती अनुष्ठान, ट्राफी प्रश्नमंच, क्रिकेट प्रश्नमंच, महिला मंडल शिविर, बहु मंडल शिविर, युवा जागृती अभियान, विविध तप त्याग से यह चातुर्मास अविस्मरणीय रहा। चातुर्मास को सफल बनाने में सम्पूर्ण उदयपुर वालों का अभूतपूर्व योगदान रहा।


**माधव मार्बल्स एंड ग्रेनाइट्स लि.**

पता: प्रथम तल, मूमल टावर्स, 16, सहेली मार्ग, उदयपुर -313001
CIN: L14101RJ1989PLC004903, Web: www.madhavmarbles.com
Email: investor.relations@madhavmarbles.com, Tel: 0294-2981666

**असाधारण आम बैठक (ईजीएम) और ई-वोटिंग की सूचना**

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि माधव मार्बल्स एंड ग्रेनाइट्स लिमिटेड के सदस्यों की एक असाधारण आम बैठक ("ईजीएम") सोमवार, दिसम्बर 09, 2024 को भारतीय मानक समय के अनुसार सुबह 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") के माध्यम से आयोजित की जाएगी।"/अन्य ऑडियो विजुअल साधन ("ओएवीएम"), कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम), उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के सभी लागू प्रावधानों के अनुपालन में व्यवसाय को चलाने के लिए ईजीएम बुलाने वाले नोटिस में बताया गया है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के प्रयोजन के लिए गिना जाएगा।
प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, ईजीएम की सूचना कंपनी के सभी सदस्यों को केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजी जाएगी, जिनके ईमेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट https://www.madhavmarbles.com और स्टॉक एक्सचेंज और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगे।
कंपनी अपने सभी सदस्यों को ईजीएम के नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा ("रिमोट ई-वोटिंग") प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ईजीएम ("ई-वोटिंग") के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्यों द्वारा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग और ईजीएम में भागीदारी के लिए विस्तृत प्रक्रिया (जिन सदस्यों के पास भौतिक रूप में शेयर हैं या जिन्होंने कंपनी/डीपी के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं) प्रदान की गई है। ईजीएम की सूचना.
सदस्यों का मतदान अधिकार उनके द्वारा भुगतान किए गए इक्विटी शेयरों के अनुपात में होगा सोमवार, 02 दिसम्बर 2024, ("कट-ऑफ तिथि") तक कंपनी की इक्विटी शेयर पूंजी। एक व्यक्ति,जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या बनाए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है कट-ऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरी द्वारा केवल ईजीएम में शामिल होने, रिमोट ई-वोटिंग का लाभ उठाने का अधिकार होगा और ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा।
रिमोट ई-वोटिंग अवधि शुक्रवार, दिसम्बर 06, 2024 को सुबह 9.00 बजे शुरू होगी और शाम 5.00 बजे समाप्त होगी। रविवार, दिसम्बर 08, 2024 को। इसके अलावा, ईजीएम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान किया है वे ईजीएम में भाग लेने के पात्र होंगे। हालाँकि, वे ईजीएम में वोट देने के पात्र नहीं होंगे।
जिन सदस्यों के पास भौतिक रूप में शेयर हैं और जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ईमेल पते अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी को Investor.relations@madhavmarbles.com पर उपलब्ध ई-संचार पंजीकरण फॉर्म की प्रति के साथ लिखकर अपना ईमेल पता अपडेट करें। कंपनी की वेबसाइट डिमटेरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपने ईमेल पते को पंजीकृत/अपडेट करें। ई-मेल पते को पंजीकृत करने में किसी भी प्रश्न/कठिनाई के मामले में, सदस्य Investor.relations@madhavmarbles.com पर लिख सकते हैं।
रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित कोई भी प्रश्न/शिकायत कंपनी को ई-मेल पर भेजी जा सकती है:
Investor.relations@madhavmarbles.com

जगह : उदयपुर
तारीख : 14/11/2024

माधव मार्बल्स एंड ग्रेनाइट्स लिमिटेड के लिए
हस्ता / -
प्रियंका मनावत, कंपनी सचिव



**ARIGATO UNIVERSE LIMITED (Formerly Saboo Borthers Limited)**
Reg. Off.: Galaxy Apartments, Fatehpura Badla Road, Udaipur - 313001 Rajasthan
Branch Off.: Flat No. 802, Impressa Rise Apartments, Shivaji Nagar, North Ambazari Road, Nagpur - 440010 Maharashtra

**Extract of Financial Results for the Quater ended September 30, 2024**

| Particulars | Standalone Quarter ended Sept 30,2024 | Quarter ended June 30,2024 | Quarter ended Sept 30, 2023 | (Rs. In Lakhs) Year ended March 31, 2024 |
|---|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | 1.47 | 10.56 | 46.84 | 169.58 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | -3.09 | -4.86 | 6.68 | 23.65 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | -3.09 | -4.86 | 6.68 | 23.65 |
| Paid up Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- per Equity Share) | 609.62 | 609.62 | 609.62 | 609.62 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | - | - | 447.42 |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs. 10/- each) | | | | |
| Basic: | -0.05 | -0.08 | 0.11 | 0.39 |
| Diluted: | -0.05 | -0.08 | 0.11 | 0.39 |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs. 10/- each) | | | | |
| Basic: | -0.05 | -0.08 | 0.11 | 0.39 |
| Diluted: | -0.05 | -0.08 | 0.11 | 0.39 |

Place : Nagpur
Date: November 14, 2024

For and on behalf of the Board of Directors
"ARIGATO UNIVERSE LIMITED (Formerly Saboo Borthers Limited)"
NIKHIL KUWAR SINGH (DIN: 09127337)
Whole Time Director

## सम्पादकीय

# जय राजस्थान

दिनांक 16 नवम्बर 2024 वार-शनिवार

## भरोसा जीतना होगा

पिछले करीब डेढ़ साल से हिंसा की कभी तेज तो कभी धीमी होती आंच में जलते मणिपुर को राहत मिलने के कोई आसार नहीं दिख रहे। जिरीबाम में पिछले एक सप्ताह के दौरान हुई हिंसा की घटनाओं ने एक बार फिर राज्य में तनाव काफी बढ़ा दिया है।

**अतिरिक्त बलों की तैनाती :** इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने हालांकि तत्काल केंद्रीय सशस्त्र बलों (CAPF) की 20 अतिरिक्त कंपनियां हवाई मार्ग से भेज दीं। लेकिन राज्य में भारी संख्या में सुरक्षा बल पहले से तैनात हैं। वहां CRPF की 115 कंपनियां और क्स्स्त्र की 84 कंपनियां तो हैं ही, इसके अलावा RAF, स्स्क्रऔर ITBP की भी कंपनिया तैनात हैं। राज्य पुलिस और सेना के जवान इसके अतिरिक्त हैं। जाहिर है, इतने बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद अगर हालात काबू में नहीं आ रहे तो मामला सिर्फ सुरक्षा बलों की संख्या का नहीं, कुछ और भी है।

**कार्रवाई का असर नहीं :** अगर पिछले एक सप्ताह के घटनाक्रम पर गौर करें तो भी यह साफ हो जाता है कि प्रशासनिक कार्रवाइयों का वैसा असर नहीं दिख रहा जैसा कि होना चाहिए। हिंसा का ताजा दौर प्रदेश के जिरीबाम जिले में गुरुवार को एक 31 वर्षीया महिला की हत्या के बाद शुरू हुआ। आरोप है कि मैतेई समुदाय के उग्रवादी संगठन से जुड़े लोग इसके पीछे थे। दो दिन बाद कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले में किसानों के एक समूह पर हमला किया था, जिसमें 34 साल की एक महिला मारी गई। सोमवार को जिरीबाम में ही एक CRPF पोस्ट पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने दस उग्रवादियों को मार गिराया। इसके बाद भी जिरीबाम के एक गांव से दो नागरिकों के शव बरामद हुए। यही नहीं एक मैतेई परिवार के छह सदस्य लापता बताए जा रहे हैं जिनके अगवा किए जाने का शक है।

**पक्षपात का आरोप :** खास बात यह कि अलग-अलग समुदायों के लोग सुरक्षा बलों के अलग-अलग हिस्सों पर पक्षपात का खुला आरोप लगाते हैं। हालांकि इस तरह के सामुदायिक तनाव की स्थितियों में सुरक्षा बलों पर पक्षपात के आरोप कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस तरह का अविश्वास अमूमन तात्कालिक ही होता है। मणिपुर में पिछले साल मई से शुरू हुआ हिंसात्मक घटनाओं का सिलसिला न तो कभी पूरी तरह बंद हुआ और न ही माहौल सामान्य हो सका।

**विश्वास जीतना होगा :** सबसे बड़ी बात यह है कि स्थानीय आबादी का विश्वास हासिल करने का कोई विशेष प्रयास भी होता हुआ नहीं दिखा। हिंसा के इतने लंबे दौर की जिम्मेदारी तय करने की कोई कोशिश नहीं नजर आई। ऐसे में सुरक्षा बलों की तैनाती और विभिन्न पक्षों में बातचीत के दावे फलित होते नहीं दिख रहे। मणिपुर एक सीमावर्ती और खासा संवेदनशील राज्य है। इसलिए हालात को जल्द सामान्य करना जरूरी है।

# जनजातीय गौरव को बढ़ावा देने में अग्रणी मध्यप्रदेश

### जनजातीय गौरव दिवस पर यह अवश्य याद रखना चाहिए कि अभारतीय ताकतों ने अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र के अंतर्गत जनजातीय समुदाय को भ्रमित करने के लिए 9 अगस्त को 'वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपल्स डे' को 'आदिवासी दिवस' कहकर भारत में बढ़ावा दिया गया।



मध्यप्रदेश वह राज्य है, जिसकी पहल पर देश को 'जनजातीय गौरव दिवस' मिला है। यह बात तो हर कोई मानता है कि मध्यप्रदेश की सरकार ने जनजातीय नायकों का गौरव बढ़ाने के लिए उनसे जुड़े स्मारकों का आगे बढ़कर विकास किया है। राजा शंकरशाह और रघुनाथ शाह, रानी कमलापति, रानी दुर्गावती, टंट्या मामा और भीमा नायक से लेकर कई नायकों के योगदान से लोगों को परिचित कराने के उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

मंडला के मेडिकल कॉलेज का नाम बलिदानी हृदयशाह के नाम पर किया गया। वहीं, छिंडवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम 'राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय' किया। हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर 'रानी कमलापति रेलवे स्टेशन' किया गया। जबलपुर में 100 करोड़ की लागत से 'रानी दुर्गावती स्मारक' को विकसित किया जा रहा है। जनजातीय गौरव को बढ़ाने के साथ ही जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए भी मध्यप्रदेश सरकार ने उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। विगत 20 वर्षों में जनजातीय योजनाओं का बजट 1000 प्रतिशत बढ़ा है। मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जहाँ जनजातीय समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए पेसा कानून को लागू किया गया है। जनजातीय समुदाय से आनेवाली पहली महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति में 15 नवंबर, 2022 को मध्यप्रदेश के 20 जिलों के 89 विकासखंडों को पेसा कानून की सौगात मिली।

मध्यप्रदेश के बजट का अध्ययन करें तो ध्यान आएगा कि 2003-04 में जनजातीय कार्य विभाग का बजट 746.60 करोड़ रुपये था। जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं को बजट की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए भाजपा सरकार ने सबसे पहला काम यही किया कि जनजातीय कार्य विभाग के बजट में लगातार बढ़ोतरी की।

वर्ष 2003-04 के मुकाबले वर्ष 2023-24 में जनजातीय कार्य विभाग का बजट 1000 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,768 करोड़ रुपये का हो गया है। इस बजट का उपयोग जनजातीय वर्गों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, रोजगार एवं अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं के साथ ही विकास कार्यों को गति देने में किया गया है। विद्यार्थियों को शिक्षा के समुचित अवसर एवं आर्थिक सहयोग के साथ ही सरकार की ओर से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण भी दिलाया जा रहा है। कम्प्युटर कौशल सिखाने के साथ जनजातीय युवाओं को पुलिस और सेना में भर्ती का प्रशिक्षण देने का काम भी मध्यप्रदेश में किया जा रहा है। जनजातीय वर्गों के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए आहार अनुदान योजना, सिकल सेल उन्मूलन मिशन, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार ग्राम, देवारण्य, अनुसूचित जनजाति ऋण विमुक्ति अधिनियम-2020, मिलेट मिशन, प्रधानमंत्री वन-धन योजना, आकांक्षा योजना, प्रतिभा योजना, आवास सहायता योजना, विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति, प्री एवं पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, अखिल भारतीय सेवाओं के लिए कोचिंग एवं प्रोत्साहन तथा जनजातीय लोक कलाकृतियों एवं उत्पादों की जीआई टैगिंग जैसे कदम मध्यप्रदेश में उठाए गए हैं।

जनजातीय गौरव दिवस पर यह अवश्य याद रखना चाहिए कि अभारतीय ताकतों ने अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र के अंतर्गत जनजातीय समुदाय को भ्रमित करने के लिए 9 अगस्त को 'वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपल्स डे' को 'आदिवासी दिवस' कहकर भारत में बढ़ावा दिया गया, जबकि इस दिन का भारत और जनजातीय गौरव के साथ कोई संबंध नहीं है। वास्तव में यह तो दु:खद त्रासदी की शुरुआत का दिन है। ब्रिटिस सेना ने अमेरिका के मूल निवासियों का नरसंहार किया। बाद में, उसके अपराध बोध से मुक्त होने के लिए 'वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपल्स डे' (International Day of the WorldÓs Indigenous Peoples) के रूप में 9 अगस्त को चुना गया। यहाँ यह भी ध्यान रखें कि वैश्विक षड्यंत्र के अंतर्गत ही 'वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपल्स डे' का अनुवाद 'विश्व आदिवासी दिवस' के रूप में किया गया है।

वास्तविकता यह है कि संयुक्त राष्ट्र ने अब तक 'इंडिजिनियस पीपल' (indigenous people) की स्पष्ट परिभाषा तक नहीं की है। यही कारण है कि जब 1989 में विश्व मजदूर संगठन द्वारा 'राइट्स ऑफ इंडिजिनस पीपल' कन्वेन्शन क्रमांक-169 घोषित किया गया, तब उसे विश्व के 189 में से केवल 22 देशों ने ही स्वीकार किया। इसका मुख्य कारण 'इंडिजिनस पीपल' शब्द की परिभाषा को स्पष्ट नहीं करना ही था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने भारत माता के महान बेटे बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) को 'जनजाति गौरव दिवस' के रूप में मान्यता देकर प्रशंसनीय कार्य किया है।

जनजाति वर्ग के इस बेटे ने भारत की सांस्कृतिक एवं भौगोलिक स्वतंत्रता के लिए महान संघर्ष किया और बलिदान दिया। अपनी धरती की रक्षा के लिए उन्होंने विदेशी ताकतों के साथ जिस ढंग से संघर्ष किया, उसके कारण समूचा जनजाति समाज उन्हें अपना भगवान मानने लगा। उन्हें 'धरती आबा' कहा गया। भगवान बिरसा मुंडा न केवल भारतीय जनजाति समुदाय के प्रेरणास्रोत हैं बल्कि उनका व्यक्तित्व सबको गौरव की अनुभूति कराता है। इसलिए उनकी जयंती सही मायने में 'गौरव दिवस' है। जिस प्रकार भगवान बिरसा मुंडा ने विदेशी ताकतों के षड्यंत्रों से भारत को बचाया, उसी प्रकार उनकी स्मृति में मनाया जानेवाला जनजातीय गौरव दिवस भी हमें वर्तमान में चल रही साजिशों से बचाएगा और भारत के 'स्व' की स्थापना की प्रेरणा देगा।

**- लोकेन्द्र सिंह**

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## ट्रैवल एवं लाइफ़स्टाइल ब्रांड स्विस मिलिट्री ने इनोवेटिव SKUs को बाज़ार में उतारा, अब विस्तार पर टिकी हैं निगाहें




उदयपुर, (निसं)। भारत - 11 नवंबर, 2024- अपने प्रीमियम और इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के लिए दुनिया भर में अपनी पहचान बनाने वाले मशहूर लाइफ़स्टाइल ब्रांड, स्विस मिलिट्री ने अहमदाबाद में अपनी मौजूदगी के दायरे को बढ़ाने के साथ-साथ ट्रैवल गियर कैटिगरी में नए स्यह्य के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने बेमिसाल खूबियों वाले ट्रैवल प्रोडक्ट्स की एक बड़ी रेंज को बाजार में उतारा है जो कई अलग-अलग रंगों में उपलब्ध हैं, जो उपयोगिता और किफायती मूल्य के मामले में एक नई मिसाल कायम करते हैं।

स्विस मिलिट्री ने लगातार विकसित हो रहे भारतीय बाजार को ध्यान में रखकर अपने नए ट्रैवल गियर प्रोडक्ट्स को पेश करने का फैसला लिया है। देश की बढ़ती क्रय शक्ति, सरकार की ओर से घरेलू विनिर्माण को सहारा देने के लिए शुरू की गई पहल और तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र के कारण यहाँ विस्तार की संभावनाएँ साफ तौर पर दिखाई दे रही हैं। साल 2024 में भारतीय लगेज एवं बैग के बाजार का मूल्य 15.04 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और अनुमान है कि 2024 से 2028 तक इसमें सालाना 5.21त्न की दर से बढ़ोतरी होगी। गौरतलब है कि, बाजार की कुल बिक्री में नॉन-लग्जरी प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 87प्रति. है। स्विस मिलिट्री ने सुनियोजित तरीके से विस्तार के लिए कदम उठाया है, जो भारतीय ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों के साथ-साथ प्रीमियम लगेज एवं ट्रैवल गियर की बढ़ती मांग के अनुरूप है।

इस मौके पर स्विस मिलिट्री के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अनुज साहनी ने कहा, स्विस मिलिट्री ने इनोवेशन और अपने विस्तार के सफ़र को बरकरार रखा है, और अब ट्रैवल गियर प्रोडक्ट की अपनी नई रेंज के लॉन्च की घोषणा करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। हम सबसे उम्दा और किफायती प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के अपने वादे पर कायम रहते हुए अपने ग्राहकों की उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन करना चाहते हैं। यह नया कलेक्शन इस बात को दर्शाता है कि हम बेमिसाल गुणवत्ता वाले और उपयोगिता के मामले में सबसे उम्दा प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के अपने इरादे पर अटल हैं, और हम इस बात का आश्वासन देते हैं कि आपकी हर यात्रा सुकून और स्टाइल के साथ पूरी हो।

श्री साहनी ने आगे कहा, भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी के दायरे को बढ़ाना, दरअसल देश के सभी हिस्सों में अपने समझदार ग्राहकों की सेवा करने के अपने संकल्प की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। हमने डिस्ट्रीब्यूशन चैनलों और बड़े फॉर्मेट वाले रिटेलर्स के साथ साझेदारी के ज़रिये देश भर में अपने प्रीमियम प्रोडक्ट्स की उपलब्धता को बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। हमारी निगाहें टियर 1 और टियर 2 शहरों पर टिकी हुई हैं, और हम इन क्षेत्रों में अपने सम्मानित ग्राहकों की अलग-अलग तरह की पसंद के अनुरूप प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की कोशिश कर रहे हैं।

## विश्व में सबसे ज्यादा खेले जाने वाला पिकलबॉल गेम अब उदयपुर में

### फ्लोरा कॉम्पलेक्स में स्पोर्ट्स एरिना का हुआ उद्घाटन



उदयपुर, (निसं)। स्पोर्ट्स फ्यूजन की ओर से फ्लोरा कॉम्पलेक्स में आज स्पोर्ट्स एरिना का पुलिस महानिरीक्षक राजेश मीणा,जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल,इन्दिरा आईवीएफ के चेयरमैन डॉ. अजय मुर्डिया ने फीता काटकर एवं पिकलबॉल पेडल बॉल गेम खेलकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर बच्चों साथ बाल दिवस सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर आईजी मीणा ने कहा कि शहर में यह बहुत अच्छी पहल हुई है कि एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के खेलों का समायोजन हुआ है। यहां पर हर वर्ग के लोग इन खेलों का आनन्द ले कर अपने आपको फिट रख पायेंगे।

जिला कलेक्टर पोसवाल ने कहा कि शहर की बड़ी-बड़ी इमारतों के बीच बच्चों को खेल के लिये मैदान नहीं मिल पाता है ऐसे में शहर में इस प्रकार खेल सुविधायें उपलब्ध कराना बहुत बड़ी बात है। इससे शहर में स्पोर्ट्स कल्चर की अच्छी शुरूआत होगी। डॉ. अजय मुर्डिया ने कहा कि नया विज़न, नयी सोच के साथ शुरू हुआ यह स्पोर्ट्स एरिना बच्चों की ईच्छाओं को पूरी करेगा।

स्पोर्ट्स फ्यूजन की डॉ. मानसी खमेसरा ने स्पोर्ट्स एरिना की जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर अमेरीका, लंदन में सबसे ज्यादा खेला जाने वाला नया गेम पिकल बॉल अब उदयपुर में भी उपलब्ध है। यह गेम भारत में बहुत कम स्थानों पर ही उपलब्ध है। इस गेम के भारत में बहुत कम कोच है। आलम्पिक में भी इस गेम को शामिल किया जायेगा। यहां पर 3 कोर्ट पिकलबॉल व 1 कोर्ट पेडल बॉल के अलावा, क्रिकेट, बास्केटबॉल की सुविधायें उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम का संचालन राजेश खमेसरा ने किया। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में अनमोल सिंघवी, प्रतीक पगारिया,श्याम सिंघवी आदि ने अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर, स्मृतिचिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। अंत में खुशबू पगारिया ने आभार ज्ञापित किया।

## यूसीसीआई ने अतिरिक्त निदेशक तंवर के प्रयासों की सराहना की

### खान एवं भूविज्ञान विभाग के अतिरिक्त निदेशक (पर्यावरण एवं विकास) के साथ यूसीसीआई प्रतिनिधिमण्डल ने की शिष्टाचार भेंट

उदयपुर, 15 नवम्बर (निसं)। उदयपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (यूसीसीआई) के अध्यक्ष श्री एम.एल. लूणावत, सदस्य श्री आर. आर. हरलालका, श्री कपिल सुराणा और श्री हितांशु कौशल एवं राजसमंद एसोसिएशन से श्री नानालाल सारदुल ने राजस्थान सरकार के खनन एवं भूविज्ञान विभाग के अतिरिक्त निदेशक (पर्यावरण एवं विकास) श्री दीपक तंवर से शिष्टाचार भेंट की। यूसीसीआई के प्रतिनिधिमण्डल ने जिलास्तरीय पर्यावरण अनुमति से सम्बन्धित प्रकरण में सकारात्मक भूमिका तथा सक्रिय एवं उत्कृष्ट प्रयासों के लिए श्री तंवर को आभार ज्ञापित किया। अध्यक्ष श्री लूणावत ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों को प्रभावी रुप से कार्यान्वित करने के लिए श्री तंवर ने जिस प्रकार सरकार की ओर से नेतृत्व किया तथा राज्य सरकार की ओर से पर्यावरण अनुमति प्रदान करने की प्रक्रिया में सक्रियता दिखाई, वह प्रशंसनीय है।

राज्य सरकार द्वारा देश के शीर्ष वकीलों को नियुक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय में प्रभावशाली ढंग से यह प्रकरण प्रस्तुत किये जाने की यूसीसीआई प्रतिनिधिमण्डल ने सराहना की। यूसीसीआई की माईनिंग कमेटी के सदस्य श्री हितांशु कौशल ने अवगत कराया कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में जारी अपने आदेश में यह निर्देश दिया है कि एसईआईएए के माध्यम से पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया 31 मार्च 2025 तक पूरी की जाए। इसके साथ ही जिन पट्टाधारकों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, उन पट्टाधारकों को तीन सप्ताह के भीतर आवेदन करने का समय दिया गया है। उच्चतम न्यायालय ने यह निर्देश भी दिया है कि जिन राज्यों में एसईआईएए का गठन नहीं हुआ है, वहां इसे छह सप्ताह के भीतर पूरा किया जाए।

अध्यक्ष श्री एम.एल. लूणावट ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि आवश्यक हुआ तो यूसीसीआई का प्रतिनिधिमण्डल खनन विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी और माननीय मुख्यमंत्री से भी भेंट कर वस्तुस्थिति से अवगत करायेंगे ताकि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का सुचारू और समयबद्ध पालन सुनिश्चित हो सके।

यूसीसीआई की माईनिंग कमेटी के सदस्य श्री कपिल सुराणा ने अवगत कराया कि यूसीसीआई की ओर से उन सभी खनिज पट्टाधारकों से यह अपील की गई है कि यदि किसी कारणवश वे अभी तक पर्यावरण मंजूरी के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं तो वे जल्द से जल्द आवेदन की प्रक्रिया पूरी करें।

यूसीसीआई की माईनिंग कमेटी के श्री आर. आर. हरलालका ने बताया कि शिष्टाचार भेंट के दौरान प्रतिनिधिमण्डल द्वारा श्री तंवर के प्रयासों की विशेष रूप से सराहना करते हुए धन्यवाद दिया जिन्होंने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को अत्यन्त कुशलता और समर्पण के साथ पूर्ण किया।


## डी.पी.एस. में ग्रैंड पेरेंट्स डे का भव्य आयोजन



उदयपुर, (नसं)। दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर में पूर्व प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 12 नवंबर से 14 नवंबर तक त्रिदिवसीय ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। जैसे-जैसे समय बदल रहा है, लोग अपनी परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं। इसी तरह, लोग दादा-दादी के महत्व को नहीं समझ पा रहे हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर डी. पी. एस प्रांगण में ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत नृत्य से की गई। विद्यालय प्रांगण को बच्चों के द्वारा बनाई गई वस्तुओं से सजाया गया जिसका अवलोकन कर दादा दादी और नाना नानी अपने बच्चों की रचनात्मक पर फूले न समाए। विद्यालय में ग्रैंड पैरेंट्स के लिए भी विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया, जिसमें भाग लेकर उन्होंने आनंद का अनुभव किया और अपने बचपन को याद किया।

नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों ने तो इस कार्यक्रम के आयोजन में समा ही बांध दी थी। नर्सरी, प्रेप व कैंब्रिज के विद्यार्थियों के लिए हर्डल रेस, आइसक्रीम रेस, हुला - हूप रेस का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेकर बच्चों ने अपने दादा-दादी और नाना नानी को रोमांचित कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय नरवरिया ने पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया। ग्रैंड पैरेंट्स की जीवन में महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी भगवान का आशीर्वाद हैं, जिनकी जगह कोई नहीं ले सकता। वे इंसान के भेष में देवदूत हैं जो हमेशा अपने पोते-पोतियों और नाती-नातिनों की देखभाल एवं सही मार्ग दर्शन करते है।

## बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पाण्डे के लाइव सेशन में उदयपुर की 13 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग



उदयपुर, (निसं)। मुबंई में कल आयोजित किये गये फैशन एण्ड इन्टीरियर डिजाईन इन्स्टीट्यूट के नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ फैशन ग्लोबल का भव्य उद्घाटन किया गया। उदयपुर की सेंटर हेड साक्षी मेहता के नेतृत्व में इस खास मौके पर उदयपुर से 13 छात्र-छात्राओं ने अनन्या पांडे के लाइव सेशन में हिस्सा लिया और उनसे सीधा संवाद किया। इससे शहर की पहचान और भी बढ़ी है। इस विशेष कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश सुथार, खुशराज राउ, धैरिया खमेसरा, दिया भवसार, वैशाली जैन, मॉली जैन, निशिता करीरा, हर्षिता रामनानी, हर्षिता हाड़ा और श्रेया पवार जैसे छात्र उपस्थित थे। सेंटर डायरेक्टर प्राची मेहता ने इस आयोजन को उदयपुर के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि यह अनुभव उनके विकास और आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा।

# आयड़ तीर्थ से आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा का हुआ विहार, चातुर्मास निष्ठापन

### विदाई के क्षणों में उमड़ा भावनाओं का सागर, गीतों व विचारों के माध्यम से जताएं मन के जज्बात, आयड़ तीर्थ से आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा का हुआ विहार, चातुर्मास निष्ठापन, आयड़ तीर्थ में चातुर्मासिक विदाई समारोह का आयोजन



उदयपुर, 15 नवम्बर (नसं)। चार माह के सफलतम चातुर्मास में विदाई की बेला की नजदीक आने पर श्रावक-श्राविकाओं के मन के जज्बात गीतों व विचारों के माध्यम से सामने आए। आचार्य संघ से चातुर्मास समाप्ति के बाद भी आशीर्वाद बनाए रखने और जल्द फिर उदयपुर की धरा को पावन करने की विनती की गई। चातुर्मास में आचार्य संघ से जिनशासन की आराधना व ज्ञान की जो बाते सीखने को मिली उसके प्रति भी काव्य रचनाओं व विचारों के माध्यम से आभार जताते हुए संकल्प दर्शाया गया कि उन सीखी हुई बातों को जीवन में उतारने का पूरा प्रयास करेंगे। पूरा माहौल श्रद्धा व भावनाओं से ओतप्रोत था।

महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया शुक्रवार को सुबह 7 बजे शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित आदेश्वर मंदिर से आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा का चातुर्मास परिवर्तन कराया गया जो आर्ची अपार्टमेन्ट स्थित मुनि सुव्रतनाथ स्वामी मंदिर न्यू भूपाल पुरा में राजेश्वरी देवी- श्यामलाल हरकावत के निवास पर गाजे-बाजे की मधूर स्वर लहरियों के साथ हुआ। जगह-जगह श्रावक-श्राविकाओं ने गऊली बनाकर आचार्य संघ का स्वागत किया गया। जहां पर व्याख्यान एवं शत्रुंजय भावयात्रा का आयोजन हुआ। उसके बाद सभी श्रावक-श्राविकाओं की नवकारसती का आयोजन हुआ।

श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में तपोगच्छ की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में रामचन्द्र सुरिश्वर महाराज के समुदाय के पट्टधर, गीतार्थ प्रवर, प्रवचनप्रभावक आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा द्वारा चल रहे चातुर्मास का परिवर्तन व निष्ठापन शुक्रवार को आचार्य संघ की पावन निश्रा में शाश्वत गिरीराज श्री शत्रुजय तीर्थ की भाव यात्रा की गई। शत्रुजय तीर्थ के पट्ट समझ पांच चैत्यवंदन जिसमें जय तलेरी के सन्मुख, श्री की शांति नाथ भगवान का, तीसरा रामण पगले का, चोथा पुंडरिकस्वामी का एवं पांचवां की भादि नापजी भगनान का इस प्रकार किये। सिद्धाचल जी के इक्कीस खमासमण देकर भाव यात्रा की गई। संघ के प्रत्येक सदस्यों ने बहुत ही भावोल्लास पूर्वक आराधना की।

आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर ने बताया कि जगत में तीर्थ अनेक है। परन्तु शास्वत गिरिराज श्री शत्रुजय महातीर्थ की तुलना कर सके ऐसा कोई तीर्थ तीन लोक में नहीं है। महाविदेह क्षेत्र में विचरते नर्तमान तीर्थकर प्रभु श्री सीमंधर स्वामी परमात्मा ने जिस महातीर्च की महानता 1 और प्रभावकता की प्रशंसा की है। जिसके एक-एक पत्थर पे भी अनंत-अनंत आत्मा ने मोक्षपद पाया है और पायेंगे।

जहाँ - आदिनाथ प्रभु पूर्व नव्वाणु बार पधारे है। जिसकी महिमा अपरंपार है । ऐसे महान तीर्थ की भाव यात्रा करके हम भी परमात्म भक्ति में तल्लीत बने हैं।

## उदयपुर के ज्यांशु जाट को किया सम्मानित



उदयपुर 15 नवंबर (निसं)। सडक सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर उल्लेखनीय कार्य करने पर आधार फाउंडेशन के ब्रांड एंबेसडर ज्यांशु जाट को उपराष्ट्र ?पति के मुख्य आतिथ्य में अजमेर के पुष्कर जी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। आधार फाउण्डेशन के नारायण चौधरी ने बताया कि आधार फाउन्डेशन द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करना- फर्स्ट रेस्पोन्डर गुड सेमरिटन की भूमिका में ज्यांशु जाट की प्रभावी भुमिका इन्टरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में ज्यांशु द्वारा सडक सुरक्षा शपथ की महत्वपुर्ण भुमिका, सड़क सुरक्षा, शिक्षा एवं जागरूकता मिशन में लोगों को जागरूक करना आदि कार्यों को देखते हुए उपराष्ट्रपति द्वारा ज्यांशु जाट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया व उपराष्ट्रपति द्वारा व्यक्तिगत संवाद करके भी उसके द्वारा किए गय कार्यों की सराहना की।

इस मौके पर पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी जाट महासभा के संरक्षक विश्वास सिंह मिर्धा अध्यक्ष हरसुखराम पूनिया, मध्य प्रदेश के वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### सिख समाज गुरुद्वारा श्री गुरु अरजन दरबार सेक्टर 11 में
# सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया



उदयपुर, (नसं)। सिख समाज गुरुद्वारा श्री गुरु अरजन दरबार सेक्टर 11 के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह सोनी ने बताया कि आज सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया गया। सुबह दो दिन से चल रहे श्री अखण्ड पाठ साहब साहब की समाप्ति उपरान्त निशान साहब का चोला बदला गया और इन्दौर के रागी जत्थे ज्ञानी इक़बाल सिंह खालसा ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। दस बजे दीवान की समाप्ति हुई इस खुशी में संगत की तरफ से देसी घी की पीनी का प्रसाद मिष्ठान प्रसाद फल सेव, मट्ठी और दूध का लंगर बरताया गया। सुबह 10 बजे से 2बजे तक रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 25 यूनिट रक्त दान हुआ। रक्त दान के संजोयक सिख समाज और सिंधी समाज सेक्टर 11-13 के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। दूसरा दीवान 11 बजे आरम्भ हुआ जिसकी समाप्ति 2 बजे हुई इसमें रागी जत्थे और संगत ने भी शब्द कीर्तन किया। सचिव अमरजीत सिंह चावला ने धन्यवाद दिया संरक्षक परमजीत सिंह ने गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला।दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर की सेवा हुई जिसमें करीब 1000 लोगों ने लंगर छका। रात को 8 बजे दीवान शुरु हुआ 8 से 9 बजे तक दिल्ली से आए ज्ञानी साबू सिंह जी ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया किया 9 से 10.30 बजे तक भाई इकबाल सिंह जी के रागी जत्थे ने शब्द कीर्तन किया 10.45 बजे समाप्ति हुई समाप्ति उपरान्त दूध के लंगर की सेवा हुई और आतिशबाजी की गई।

**उदयपुर 15 नवंबर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के उदयपुर आगमन पर डबोक एयरपोर्ट पर अतिथि कक्ष में विधानसभा उप चुनाव चौरासी व सलुम्बर के सन्दर्भ में उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की ।**



# उत्तम सेवा फाउंडेशन एवं नगर वासियों के संयुक्त तत्वाधान में कर्ममोचनी नदी पर 5100 दीपकों से हुई गंगा आरती

## नगर में निकली 251 फीट की लंबी चुनरी यात्रा आरती के बीच मां गंगा को अर्पण की चुनरी




धरियावद 15 नवंबर उत्तम सेवा फाउंडेशन एवं धरियावद क्षेत्रवासियो के तत्वाधान में शुक्रवार को नगर में चुनरी यात्रा के साथ प्रतापगढ़ मार्ग स्थित कर्मोचनी नदी घाट पर देर शाम गंगा आरती के बीच मां गंगा को 251 फीट चुनरी कर्मोंही गंगा नदी को अर्पण की गई साथ ही अन्य लाभार्थियों द्वारा भी गंगा आरती उतारी गई। नदी घाट पर आयोजित उक्त भव्य आयोजन को देखने के लिए नदी घाट के दोनों और एवं पुलिया के दोनों सैकड़ो की बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा रही जो गंगा माता के जयकारे लगाए हाथों में दीपक लिए मांगो गीत के बीच गंगा आरती करते दिखाई दिए।

घाट पर उक्त अद्भुत नजारे ने मौके पर मौजूद लोगों को हरिद्वार काशी वह चित्रकूट की गंगा आरती का अहसास करवा रहा था। इस अवसर पर घंटा घड़ियाल और शंख की ध्वनि और वैदिक मंत्रोचार से मां गंगा कर्म मोचनी नदी की धरियावद राजमहल की आरती भानुप्रताप सिंह राणावत व मां गंगा कर्ममोचनी नदी की मुख्य आरती लाभार्थी परिवार योगेंद्र सिंह राणावत लिंबरवाड़ा द्वारा विधिवत मां गंगा की आरती की गई वही सूर्यास्त होने के साथ ही घाट पर 5100 दीपो की रोशनी से पूरा नदी घाट सैकडों दीपकों की रोशनी जगमगा उठा।

इस दौरान वृंदावन बरसाना से पूजनीय जयप्रिया दीदी व तलवाड़ा गौशाला प्रमुख संत रामस्वरूप महाराज ने भी नदी घाट पर मंगल प्रवचन देते हुए मंगल आशीर्वाद दिया। गंगा आरती एवं दीपदान से पूर्व नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर से दोपहर 3.30 बजे सावलिया सेठ की भव्य शोभायात्रा व 251 फीट की भव्य चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के हनुमान चौराहा सुभाष पार्क पुराना बस स्टैंड सदर बाजार कबूतर खाना होते हुए कर्मोंचनी नदी पहुंच संपन्न हुई। चुनरी यात्रा में महिलाएं व मुख्य चुनरी लाभार्थी परिवार नंगे पैर मंगल गीत गाए हाथों में 251 फीट लंबी चुनरी पकड़े थामे चल रही थी।नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरी चुनरी यात्रा का धरियावद के विभिन्न संगठनों जन प्रतिनिधियो समाज प्रमुखों द्वारा चुनरी शोभायात्रा का पुष्पवर्षा व इत्र वर्षा करके स्वागत अभिनंदन किया गया। चुनरी यात्रा में प्रमुख ध्वज व कलश लाभार्थी सबसे अग्रिम पंक्ति में रहे। जिसमे महिलाए लाल चुनरी व पुरुष सफेद कुर्ता पायजामा में शामिल हुए। चुनरी यात्रा में ध्वज, बैंड,कलश लाभार्थी महिला समूह,ढोल,मुख्य चुनरी लाभार्थी, 251 फीट लंबी चुनरी संतों की बग्गी, बैंड, पुरूष टोली सांवरिया सेठ की बग्गी व तोप सम्मिलित हुए।

चुनरी यात्रा में उत्तम सेवा फाउंडेशन नारी शक्ति के पदाधिकारी सदस्यों के अलावा, सर्व समाज के प्रतिनिधि, धरियावद ठिकाने के भानु प्रताप सिंह राणावत के अलावा योगेंद्र सिंह लिंबरवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष केबी मीणा स्वामी नारायण मंदिर के महंत साधु संत के अलावा पुलिस उप अधीक्षक नानालाल सालवी,थाना अधिकारी शंभू सिंह मय पुलिस जाप्ता पूरे मार्ग तैनात रहा ।आयोजन के दौरान घाट पर भव्य रंगीन आतिशबाजी की गई एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

# मास्टर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महासचिव शरद चंद्र पुरोहित का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत



उदयपुर, (नसं)। उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नवनिर्वाचित श्री शरद चंद्र पुरोहित का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत सम्मान किया गया जिसमें यातायात निरीक्षक उदयपुर सिटी श्री निशिथ श्रीवास्तव , स्टेशन अधीक्षक शंकर लाल मीणा, सेवानिवृत्त यातायात निरीक्षक जे के श्रीवास्तव, सेवा निवृत स्टेशन अधीक्षक भरत चौधरी, स्टेशन मास्टर प्रकाश जोशी, गजेंद्र, विवेक, शटिंग जमादार राजेंद्र, दिनेश, पॉइंट्स मैन जितेंद्र,मनजीत मैनेजर, पंकज उपस्थित हुए । शरद पुरोहित ने 2024 का रेजोल्यूशन पढ़कर बताया।

## राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद जिला कार्यकारिणी की बैठक

उदयपुर, 15 नवम्बर (सूजस)। राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद ( प्रधानाचार्य ) रेसा-पी की जिला कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री जयदीप कोठारी की अध्यक्षता में शहीद लेफ्टिनेंट अभिनव नागोरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुवाणा में संपन्न हुई। जिला अध्यक्ष मनीष सोनी ने बताया कि बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें पदाधिकारियों ने बताया कि आधार ऑथेंटिकेशन की समस्या के चलते अपार आईडी जनरेशन में तकलीफ आ रही है। कई सारे ब्लॉक में आधार में करेक्शन की सुविधा नहीं है।

बोर्ड परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण समय में संस्था प्रधान एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ऑनलाइन कार्य में उलझे हुए हैं, जिससे बोर्ड परीक्षा परिणाम प्रभावित होने की संभावना है। बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार करने तथा ब्लाक कार्यकारिणी गठन पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला मंत्री उमेश माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष उमेश माली एवं जिला महिला मंत्री वनिता वागरेचा ने भी विचार व्यक्त किए। अंत में जिला मंत्री उमेश माहेश्वरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एनएसयूआई ने बिरसा मुंडा की जयंती मनाई



उदयपुर, (नसं)। आदिवासी महानायक बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर उदयपुर एनएसयूआई द्वारा देवेंद्र सिंह राठौड के नेतृत्व में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के राणा पुंजा जनजाति छात्रावास में आदिवासी अंचल के छात्रों के साथ बिरसा मुंडा की जयंती का कार्यक्रम रखा गया। अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई में बिरसा मुंडा ने आदिवासी अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। बिरसा मुंडा ने आदिवासी एकता एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान देवेंद्र सिंह राठौड़,सुनील भील,नरेश भील,दिनेश भील आदि कई छात्र मौजूद रहे

# बाल दिवस पर स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम

## महिला एवं बाल विकास विभाग व चाइल्ड हेल्पलाईन की दी जानकारी

उदयपुर, 15 नवम्बर। बाल अधिकारिता विभाग की ओर से बाल दिवस के उपलक्ष में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं के साथ चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने वार्तालाप किया गया।

इसमें गुडटच-बेडटच एवं चाइल्ड हेल्प लाइन की जानकारी देते हुए उनके भविष्य से जुड़े मुद्दे पर बात की गई। बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक श्रीमती अरुषि जैन ने बताया कि बच्चे समाज और देश के मुख्य अंग हैं जिनको जागरूक करना अति आवश्यक है। इसी को लेकर बाल अधिकारिता विभाग चाइल्ड हेल्पलाइन टीम मिलकर उदयपुर शहर में विभिन्न आयोजन करने का प्रयास कर रहे है। इससे बच्चों को व आमजन को अधिक से अधिक जागरूक किया जा सके।

चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना के जिला समन्वयक नवनीत औदिच्य ने बताया कि इन गतिविधियों के तहत विद्यालयों में कम्युनिटी में साथ ही ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों, सरपंच, सचिव, वार्ड पंच के साथ विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इससे आमजन तक चाइल्ड हेल्पलाइन व् बाल अधिकारीता विभाग की योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा सके। बाल संरक्षण अधिकारी राज कुमार जीनगर ने बताया कि बाल दिवस बच्चों का पर्व हैं। यह पर्व बच्चों को समर्पित हैं। बच्चों को शिक्षित बनाने व बाल श्रम पर अंकुश लगाने व उनके पोषण का उचित ध्यान रखने तथा उनके चारित्रिक विकास के लिए प्रयासरत रहने से बच्चों का भविष्य संवारा जा सकता है। बाल दिवस बच्चों के कल्याण की दिशा में उचित प्रयास करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से मोहन लोहार, मोईन मंसूरी, मोहन गायरी, निर्मला लोहार, भाग्यवन्ती, प्रेम, शंकर आदि भी उपस्थित रहे।

## बॉलीवुड की चर्चित फिल्म साबरमती रिपोर्ट हुई रिलीज़, स्क्रीनिंग में उदयपुर के एकार्थ और रामाश्रित हुए शामिल



उदयपुर 15 नवम्बर. उदयपुर बहुचर्चित फिल्म साबरमती रिपोर्ट 15 नवंबर को थिएटर में रिलीज हुई फिल्म की पहली स्क्रीनिंग मुम्बई में हुई जिसमें लेकसिटी के संगीतकार एकार्थ पुरोहित और रामाश्रित जोशी ने भी शिरकत की दोनों ने फिल्म साबरमती रिपोर्ट के चर्चित गाने राम राम जय राजा राम म्यूजिक में बतौर म्यूजिक डायरेक्टर काम किया है। इसके अलावा भी फिल्म के बैकग्राउंड म्यूजिक में कई जगह इनका म्यूजिक है। इस अवसर पर फिल्म साबरमती रिपोर्ट के मुख्य किरदार विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा उपस्थित थे फिल्म का प्रोडक्शन मशहूर प्रोड्यूसर एकता कपूर, अमूल मोहन और अंशुल मोहन ने किया है।

एकार्थ पुरोहित ने बताया कि प्रोड्यूसर एकता कपूर फिल्म की पहली स्क्रीनिंग में किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाई, इसलिए उन्हें प्रभु श्रीनाथ जी का प्रसाद भेजा गया एकार्थ और रामाश्रित मूलतः नाथद्वारा से आते है, तो वे हर कार्य में प्रभु श्रीनाथजी का आशीर्वाद पहले लेते है मीडिया को दोनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए दोनों ने कहा कि इस फिल्म के लिए प्रोड्यूसर अमूल मोहन ने अप्रोच किया तो हमने तुरंत हां कह दी, क्योंकि बड़े म्यूजिक आर्टिस्ट और प्रोडक्शन हाउस के साथ काम करने का अलग अनुभव है। अगर टैलेंट है तो कई डायरेक्टर प्रोजेक्ट्स के लिए खुद बुलाते हैं। यह दोनों मिलकर आगामी कई प्रोजेक्ट में बॉलीवुड फिल्म्स और वेब सीरीज के लिए काम कर रहे हैं।

'द साबरमती रिपोर्ट' में समर कुमार (विक्रांत मैसी), एक हिंदी पत्रकार है, जो फिल्म बीट कवर करता है। उसे हमेशा फिल्म इंडस्ट्री और अंग्रेजी भाषी पत्रकारों द्वारा हीन भावना से देखा जाता है। दूसरी ओर, मनिका (रिद्धि डोगरा), एक तेज तर्रार अंग्रेजी न्यूज एंकर है, जिसका मीडिया में दबदबा है। गोधरा में, 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस की स्6 बोगी में आग लगने से 59 कारसेवकों की मौत हो जाती है। मनिका, इस घटना को कवर करने के लिए गोधरा जाती है और समर को अपने कैमरा मैन के रूप में साथ ले जाती है। समर इसे अपने करियर का 'गोल्डन चांस' मानता है, लेकिन जब मनिका अपने बॉस के कहने पर पूरी घटना को उलटकर जनता के सामने झूठी रिपोर्ट पेश करती है, तो समर चौंक जाता है।

वह सच्चाई को सामने लाने के लिए अपनी रिपोर्ट तैयार करता है, लेकिन चैनल के बॉस द्वारा उसे न केवल नौकरी से निकाल दिया जाता है, बल्कि कैमरा चोरी के आरोप में जेल भेज दिया जाता है। समर का जीवन संघर्षों से भरा हो जाता है—नौकरी से वंचित, शराब की लत में डूबा, और समाज से दूर। इस बीच, नानावटी कमीशन की रिपोर्ट के बाद झूठी खबर का खुलासा होने का डर चैनल के अधिकारियों और मनिका को सता रहा होता है। मनिका अपने चैनल की नई रिपोर्टर अमृता (राशि खन्ना) को गोधरा भेजती है, ताकि वह अपनी रिपोर्ट को पुख्ता कर सके और राज्य सरकार पर दोष मढ़ सके। अमृता को समर की रिपोर्ट का वीडियो मिलता है, और वह उसे अपने साथ गोधरा ले जाने के लिए मनाती है। इस प्रकार, दोनों मिलकर गोधरा कांड की सच्चाई तक पहुंचते हैं और उन निर्दोष 59 लोगों के साथ हुई त्रासदी को दुनिया के सामने लाते हैं।

# हाड़ी रानी, पन्नाधाय, मीरा पर आधारित नृत्य नाटिका ने किया भावविभोर


## -सुविवि के स्टूडेंट्स द्वारा तैयार जनजाति पोशाकों की जीवंत प्रस्तुति, -जनजातीय कला, संस्कृति और परंपराओं का अद्वितीय संगम, तीन दिवसीय राजस्थान लोक विरासत संप महोत्सव का आगाज



उदयपुर. राजस्थान की समृद्ध लोक विरासत से रुबरु कर ।ता तीन दिवसीय राजस्थान लोक विरासत संप महोत्सव का आगाज शुक्रवार को रंगारंग संस्कृतिक प्रस्तुतियो के साथ हुआ। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र और टीआरआई के सहयोग से अमि संस्थान उदयपुर की ओर से महोत्सव में जनजातीय कला, संस्कृति और सृजनात्मकता का प्रदर्शन बागोर की हवेली में देखते ही बना। **गौरवशाली नारी शक्ति पर केंद्रित नृत्य-नाटिका** : महोत्सव में मेवाड़ की गौरवशाली नारी शक्ति हाड़ी रानी, पन्नाधाय, मीरा पर आधारित नृत्य नाटिका ने किया भावविभोर किया । नारी शक्ति पर केंद्रित नृत्य-नाटिका का मंचन प्रसिद्ध निर्देशिका सृष्टि पंड्या के निर्देशन में हुआ। हाड़ी रानी की भूमिका अंजना कंवर राव, सखी की भूमिका भाविका कंवर, पद्मिनी की भूमिका सृष्टि पांडे, पन्नाधाय की भूमिका उपासना कंवर और अन्य सखियों की प्रभावी भूमिकाएं प्रदी और उर्मिला ने निभाई ।मीरा के रूप में रुद्राक्षी चतुर्वेदी और सृष्टि पांडे की प्रस्तुति ने खासा आकर्षित किया। नाटिका का संगीत और कथोपकथन सृष्टि पांडे और अंजना राव द्वारा किया गया।

**जनजाति संस्कृति को दर्शाती पोशाकों का जीवंत प्रदर्शन :** सुखाड़िया विश्विद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिजाइननिंग की इंचार्ज हेड डॉ. डॉली मोगरा, के निर्देशन में जनजाति समुदायों की पारंपरिक वेषभूषा व आभूषण का जीवंत प्रदर्शन बारी बारी से किया जिस पर स्थानीय दर्शक ही नहीं पर्यटको ने भी सराहा। प्रारंभ में कार्यक्रम संयोजक डॉ . शिवदान सिंह जोलावास ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। **लोक संस्कृति को मिलेंगी नई ऊंचाइयां : प्रो.सारंगदेवोत:** महोत्सव के मुख्य अतिथी जनार्दन राय नागर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस एस सारंगदेवोत ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से राजस्थान की नहीं देश की विविधता से ओतप्रोत लोक संस्कृति को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। इस मौके पर कमलीराम मीणा, कला मर्मज्ञ दीपक दीक्षित ने महोत्सव को सारगर्भित बताया। जनजाति लोक संस्कृति की पुस्तकों का विमोचन : शोधकर्ताओं के शोध आधार पर जनजाति समुदाय की भाषा, लोक कला, संस्कृति एवं परंपरागत पहचान पर आधारित पुस्तक राजस्थान लोक विरासत का विमोचन अतिथियों ने किया किया। संचालन अनु जैन ने किया । जबकि संस्थान के अध्यक्ष रोहित भटनागर ने आभार जताया। कला विथी में लगी प्रदर्शनी : संस्था उपाध्यक्ष योगेश कुमावत ने बताया कि महोत्सव में राजस्थान के जनजातीय कला, संस्कृति और सृजनात्मकता की चित्र व सुखाड़िया विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिजाइनिंग के विद्यार्थियों द्वारा तैयार जनजातीय समुदाय की पोशाकों की प्रदर्शनी लगाई गई।

**उदयपुर। देहलीगेट स्थित नर्बदेश्वदेर महादेव मंदिरजी में ठाकुरजी को शुक्रवार को भव्य अन्नकूट धराया गया। - फोटो- ऋषभ जैन**



# नवाचार एवं नवीन तकनीकी से सहकारिता को पुनर्स्थापित करेंगे:सामर



उदयपुर, (निसं)। सहकारी संगठनों में नवाचार तकनिक एवं कुशल प्रशासन आवश्यक विषय पर 71 वां सहकार सप्ताह का आयोजन शुक्रवार दिनांक 15.11.2024 की उदयपुर जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लि. उदयपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर आव्हान किया गया कि जिले की समस्त प्रकार की सहकारिताओं की समीक्षा की जायें तथा उनकी आर्थिक सक्षमता बढाने हेतु उनमें नवाचार की संभावनो पर विचार किया जायें। उक्त संस्थाओं की प्रभावी उपयोगिता हेतु नई तकनिकी विद्धाओं का समावेश किया जाये। सहकारी संस्थाओं के कुशल प्रशासन हेतु सहकारी संस्थाओं के सदस्यों, निर्देशकों, पदाधिकरियों का निरन्तर सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण से जानकारी का स्तर उन्नत की जावें। संगोष्ठी में जिले में जल, जंगल, मानवशाक्ती एवं वन अपत्र आकारित तथा कुशल कानीगरों की नई सहकारी समितियों बनाई जायें।

संगोष्ठी में मुख्य उदबोधन श्री शान्तिलाल शर्मा पूर्व रजिस्ट्रार द्वारा कि गई एवं संगोष्ठी में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। संगोष्ठी की अध्यक्षता श्री प्रमोद सामर प्रदेश संयोजन सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा की गई। संगोष्ठी का संचालन श्री अर्जुन लाल पानेरी द्वारा किया गया। अध्यक्षता करते हुए सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ने कहा कि सहकारी संस्थाओं को पुनर्जीवित एवं अग्रणी स्थान पर लाने के लिए नवीन तकनीक एवं नवाचार आवश्यक है क्योंकि प्रतिस्पर्धा के युग में सरकारी समितियां के प्रबंधन नवीन तकनीक से युक्त होना एवं उनके उत्पादन को पैकिंग ब्रांडिंग विपणन एवं लोकल फॉर वोकल के साथ आत्मनिर्भर भारत में सहयोगी बनाने हेतु नवाचार एवं नवीन तकनीकी के सभी आयाम अंगीकार करने होंगे

स्वाईन से बचाव एवं उपचार के लिए तुरन्त असरकारक
जागृति फिवरिन काढा
स्वाईनफ्लू, डेंगू एवं चिकनगुनिया और उससे उत्पन्न सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, बदन दर्द इत्यादी में लाभप्रद, शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।
JAGRITI FEVRIN KADA
Jyoti Stores
(A Leading Merchant in Ayarvedic medicines)
ज्योति स्टोर्स
Out side Delhi Gate UDAIPUR-313001 (Raj)
अनुभवी चिकित्सा परामर्श भी उपलब्ध, फोन नं. : 2420016 (S)
Email : jagritiherbs@yahoo.co.in. Website : www. jagritiayurved.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक शैलेश व्यास द्वारा जय राजस्थान दैनिक कार्यालय : 126, एबीसी हिरण मगरी सेक्टर-11, चन्द्रदुर्ग उपवन, शाहीबाग के पीछे, उदयपुर 313002 से प्रकाशित नोवा प्रिंटर्स, 5 बागर गली, हाथीपोल से मुद्रित, आरएनआई नम्बर : 23554/72, डाक पंजीयन : RJ/UD/29-45/2024-2026 फोन टेलिफेक्स : ( 0294 ) 2487066, 9928090996 ( मो. 9829044996 सम्पादक शैलेश व्यास )। e mail I.D. : jai.rajasthan@hotmail.com, jai.rajasthan72gmail.com